दिनांकः 15.11.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

समाचार

- जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आज राष्ट्र ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश के स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।
- जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन–डूंगरपुर में राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कई सौगातें दीं।
- सेना की सप्त शक्ति कमान की रणबांकुरा डिवीजन का महाजन फ़ील्ड फ़ायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास सम्पन्न।
- प्रदेश में दिन और रात के तापमान में गिरावट से ठंड का असर बढ़ा।

000

जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, धरती आबा बिरसा मुंडा की डेढ़ सौ वीं जयंती पर आज राष्ट्र ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसी उपलक्ष में देशभर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस मौके पर गुजरात के जनजातीय बहुल नर्मदा ज़िले के डेडियापाड़ा कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज देशहित के लिए काम करता रहा है।

.................

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज श्री गोविंद गुरु पीठ जनजातीय भाषा संवर्धन केंद्र की भी स्थापना की गई है, जहाँ सभी जनजातियों की बोलियों पर अध्ययन किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनसे जुड़ी कहानियों और गीतों को भी इस केंद्र में संरक्षित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में 9 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डूंगरपुर में राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 87 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा किसानों को महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत अनुदान राशि डीबीटी की।

उन्होंने युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम, 3 जिलों में आरएस–सीआइटी कोर्स और छात्राओं के लिए आवासीय बैच का शुभारंभ किया। साथ ही, विद्यार्थियों के लिए पोशाक तथा स्टेशनरी की राशि का हस्तान्तरण भी किया। उन्होंने जनजाति योजना और साहित्य से संबंधित दो पत्रिकाओं का विमोचन किया तथा उत्कृष्ट कार्यों और शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विभिन्न प्रतिभाओं को जनजाति गौरव सम्मान और

जनजाति प्रतिभा सम्मान प्रदान किया। गुजरात के डेडियापाड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुए जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शर्मा वीसी के माध्यम से जुड़े और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। इस अवसर पर विभिन्न मंत्री, सांसद, विधायक, उच्चाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनजाति समुदाय के आमजन मौजूद रहे।

जनजातीय गौरव दिवस पर जिलों में विभिन्न कार्यक्रम हुए। बाड़मेर में पशुपालन मंत्री और ज़िले के प्रभारी जोराराम कुमावत ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राजसमंद में निकाली गई शोभायात्रा में जनजातीय कलाकारों द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस अवसर पर हुए कार्यक्रम में आदिवासी समाज के 50 परिवारों को पट्टों की स्वीकृति प्रदान की गई। पाली में जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। करौली में हुए कार्यक्रम में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भाग लिया।

अजमेर, बारां, सिरोही, बांसवाड़ा, बालोतरा, सवाईमाधोपुर सहित अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भगवान बिरसा मुंडा के साहस, संघर्ष और देश की आजादी तथा जनजातियों के अधिकारों की रक्षा में योगदान को याद किया गया।

000

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुरू की गई अमृत पहल के आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में अमृत की 10वीं वर्षगांठ पर कहा कि इस कार्यक्रम ने पिछले दस वर्ष में रोगियों की लगभग आठ हजार 500 करोड़ रुपये की बचत की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 255 अमृत फ़ार्मेसी हैं। यह दवाओं, प्रत्यारोपणों और अन्य उपभोग सामग्रियों सहित साढ़े छह हजार से अधिक उत्पादों पर अधिकतम खुदरा मूल्य पर 50 प्रतिशत तक की छूट देती हैं। श्री नड्डा ने पूरे देश में 10 नई अमृत फार्मेसी का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय और प्रत्येक जिला अस्पताल में अमृत फार्मेसी स्थापित की जानी चाहिए।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है भारत बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। इस उपलब्धि में देश के श्रमिकों और मजदूरों का बड़ा योगदान है। राज्यपाल आज बीकानेर के गंगाशहर में भारतीय परिवहन मजदूर संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने मजदूरों को देश के विकास की धुरी बताया। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक मजदूर राष्ट्रहित में अपना योगदान दें।

000

सेना की सप्त शक्ति कमान की रणबांकुरा डिवीजन ने बीकानेर की महाजन फ़ील्ड फ़ायरिंग रेंज में एक व्यापक युद्ध अभ्यास किया है। यह अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभ्यास का उद्देश्य सेना की युद्ध तत्परता और परिचालन दक्षता का मूल्यांकन करना था। सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने अभ्यास की कार्यवाही की समीक्षा की। अभ्यास में सामरिक प्रक्रियाओं को

निखारने, इण्टर–आर्म्स समन्वय को बढ़ाने और कठिन भू–भाग में विभिन्न सैन्य टुकड़ियों के समन्वय का परीक्षण किया गया। युद्धाभ्यास के दौरान सैनिकों की सहनशक्ति, अनुशासन और वास्तविक युद्ध की परिस्थितियों में उनकी प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन किया गया। संयुक्त सैन्य अभियानों मे इंफैंट्री, मैकेनाइज्ड फोर्सेज, एयर डिफेंस, आर्टिलरी, इंजीनियर्स और लॉजिस्टिक्स शामिल हुईं।

000

राष्ट्रीय कृषि अनुसन्धान परिषद् आईसीएआर के माध्यम से कोटा में प्राकृतिक खेती पर अनुसंधान किया जाएगा। राजस्थान से विशेष थीम पर आधारित ये प्रोजेक्ट देशभर के टॉप 5 प्रोजेक्ट्स में शामिल है। कृषि वैज्ञानिक पवन कुमार टाक ने बताया कि कोटा संभाग में इस प्रोजेक्ट के तहत फसल उत्पादकता, गुणवत्ता और फसलों की लाभप्रदता पर काम किया जाएगा।

.............

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर के बालेसर में सांसद खेल महोत्सव की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र की सबसे ऊर्जावान शक्ति बताते हुए कहा कि युवा जिस संकल्प और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे, वही भारत के भविष्य को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। श्री शेखावत ने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता न होकर युवाओं की सहभागिता और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ हजार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

000

प्रदेश में ठंड का असर धीरे–धीरे बढ़ता जा रहा है। दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। बीती रात सीकर के फतेहपुर में सबसे कम 5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान मापा गया। इसके अलावा, सीकर में 5 दशमलव 4, नागौर में 6 दशमलव 1, दौसा में 6 दशमलव 9, अंता में 7 दशमलव 5 और चूरू में रात का पारा 7 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 25 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज अजमेर, सीकर तथा टोंक में शीतलहर की संभावना जताई है। सीकर के लिए कल भी शीतलहर चलने की संभावना जताई गई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि आगामी एक सप्ताह में तापमान में और गिरावट होगी।

.............

000

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में आज झुंझुनूं जिले के चिड़ावा कस्बे में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। युवा तथा खेल मंत्रालय और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, एनएसएस, एनसीसी तथा स्काउट–गाइड ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में युवाओं को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प भी दिलाया गया।

000

राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा कल आयोजित की जायेगी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित ये परीक्षा सभी जिलों में सुबह 9 बजे से दोपहर 1

बजे तक होगी। बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड कार्यालय में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है।

000